# मॉडल - (01)

## विषय - अर्थशास्त्र, कक्षा– 12वी

## विषय कोड–318

**समय : 3 घंटे** **पूर्णांक: 100**

---

**निर्देश (i) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।**

**(ii) प्रश्न क्रमांक 01 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। खण्ड (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए। खण्ड (ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। खण्ड (स) में सत्य/असत्य लिखिए (द) एक शब्द/वाक्य में उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक आबंटित हैं।**

**(iii) प्रश्न क्रमांक 2 से 13 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्दसीमा 30 शब्द है।**

**(iv) प्रश्न क्रमांक 14 से 19 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न में 3 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्दसीमा 50 शब्द है।**

**(v) प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न में 4 अंक आबंटित हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प हैं। उत्तर की अधिकतम शब्दसीमा 75 शब्द है।**

**(vi) प्रश्न क्रमांक 24 से 25 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 150 शब्द है।**

**(vii) प्रश्न क्रमांक 26 से 27 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 250 शब्द है।**

**प्रश्न कमांक 1 (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए –**

(i) आर्थिक विकास का साधारण माप है – (1x5=5)

(अ) जनसंख्या का स्वास्थ्य एवं शिक्षा का स्तर

(ब) जनसंख्या का वृद्धि दर

(स) प्रति व्यक्ति सकल घरेलु उत्पाद

(द) उपर्युक्त सभी

(ii) प्राथमिक समंक होते हैं –

(अ) द्वितीयक (ब) उपयोग किये हुए

(स) मौलिक (द) इनमें से कोई नहीं

(iii) एक शोधार्थी ने निम्नलिखित व्यक्तिगत आंकडे इस प्रकार एकत्र किए हैं—

5,12,6,8,5,6,7,5,12,4 आकड़ों का अंकगणितीय माध्य है।

(अ) 5 (ब) 6 (स) 7 (द) 8

(iv) उत्पादन संभावना वक्र पर कोई बिंदु दर्शाता है –

(अ) संसाधन वृद्धि

(ब) संसाधनों का अकुशल उपयोग

(स) संसाधनों की बेरोजगारी

(द) संसाधनों का पूर्ण एवं कुशल उपयोग

(v) आवश्यक वस्तुओं की मांग होती है –

(अ) लोचदार (ब) बेलोचदार

(स) पूर्णतया लोचदार (द) ईकाई

## खण्ड (ब)

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—** (1x5=5)

(i) सिक्के ..........................जारी करता है।

(ii) बढ़ती हुई प्रभावपूर्ण मांग रोजगार के स्तर को ..................... है।

(iii) परिवहन ......................... क्षेत्रक का भाग है।

(iv) सामान्य से अधिक लाभ साहसी की ............................ पर निर्भर करता है।

(v) अल्पकाल में पूर्ति .................................. होती है।

## खण्ड (स)

**सत्य/असत्य लिखिए –** (1x5=5)

(i) उदारीकरण का उद्देश्य लाइसेंस प्रणाली को बनाए रखना है।

(ii) तालिकाएं सांख्यिकी आकड़ों की प्रस्तुती का एकमात्र साधन है।

(iii) मांग के लिए निश्चित मूल्य एवं निश्चित समय का होना आवश्यक है।

(iv) उत्पत्ति हास नियम उत्पादन के प्रत्येक क्षेत्र में समान रूप से लागू होती है।

(v) राष्ट्रीय आय आर्थिक कल्याण का बैरोमीटर कही जाती है।

## खण्ड (द)

**एक शब्द/वाक्य मे उत्तर दीजिए।** (1x5=5)

(i) किस प्रकार की प्रतियोगिता काल्पनिक होती है ?

(ii) उच्चतम कीमत क्या होती है ?

(iii) पूर्ति की लोच की माप की दो रीतियों के नाम लिखिए।

(iv) स्वर्ण जयंती शहरी रोजगार योजना कब लागू की गई ?

(v) प्रति व्यक्ति आय ज्ञात करने का सूत्र लिखिए।

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 2 से 13 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्दसीमा 30 शब्द है।

प्रश्न 2 आर्थिक विकास से क्या आशय है ?

प्रश्न 3. द्वितीयक समकों के स्त्रोत लिखिए।

प्रश्न 4 व्यष्टि अर्थशास्त्र की परिभाषा लिखिए।

प्रश्न 5 अर्थशास्त्र की केन्द्रीय समस्याएं लिखिए।

प्रश्न 6 सीमांत उपयोगिता किसे कहते हैं ?

प्रश्न 7 मांग के नियम की दो मान्यताएं लिखिए ?

प्रश्न 8 उत्पादन फलन का अर्थ लिखिए।

प्रश्न 9 पूर्ति को प्रभावित करने वाले दो तत्व लिखिए

प्रश्न 10 सामान्य लाभ किसे कहते हैं ?

प्रश्न 11 स्थानीय बाजार किन वस्तुओं का होता है ?

प्रश्न 12 दोहरी गणना किसे कहते हैं ?

प्रश्न 13 अप्रत्यक्ष कर से क्या आशय है ?

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 14 से 19 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्दसीमा 50 शब्द है।

प्रश्न 14 भारत में जनसंख्या वृद्धि के कारणों को लिखिए।(कोई तीन)

प्रश्न 15 क्या और कितना उत्पादन करें की समस्या को समझाइये।

प्रश्न 16 आपूर्ति को निर्धारित करने वाले तत्वों की व्याख्या कीजिए (कोई तीन)

प्रश्न 17 पूर्ण प्रतियोगिता बाजार की विशेषताएं लिखिए। (कोई तीन)

प्रश्न 18 आय में परिवर्तन 150, बचत 200 से 280 हो जाती है तो सीमांत बचत प्रवृत्ति (MPS) ज्ञात कीजिए।

प्रश्न 19 वाणिज्यिक बैंक के कार्य लिखिए। (कोई तीन)

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित है। सभी में विकल्प दिए गए हैं। उत्तर की अधिकतम शब्दसीमा 75 शब्द है।

प्रश्न 20 उन दशाओं का वर्णन कीजिए जहां मांग का नियम लागू नहीं होता (कोई चार)

अथवा

ह्रासमान सीमांत उपयोगिता नियम की मान्यताएं लिखिए। (कोई चार)

प्रश्न 21 निम्न आकड़ों से राष्ट्रीय आय की गणना कीजिए।

| (मद) | करोड़ रूपये में |
|---|---|
| 1. अचल पूंजी उपभोग | 50 |
| 2. नियोजक का सामाजिक सुरक्षा में योगदान | 75 |
| 3. ब्याज | 160 |
| 4. निवल अप्रत्यक्ष कर | 55 |
| 5. किराया | 130 |
| 6. लाभांश | 45 |
| 7. निगम कर | 15 |
| 8. अवितरित लाभ | 10 |
| 9. विदेशी से शुद्ध साधन उपाय | (–10) |
| 10. वेतन व मजदूरी | 450 |

अथवा

दो क्षेत्र वाली अर्थव्यवस्था में आय के चक्रीय प्रवाह को समझाइये –

प्रश्न 22 राजकोषीय नीति के कौन से घटक है ? समझाइये –

अथवा

प्रभावी मांग से आपका क्या अभिप्राय है ? उपर्युक्त रेखाचित्र द्वारा इसकी व्याख्या कीजिए। .

प्रश्न 23 बजटीय नीति के उद्देश्यों को समझाइये (कोई चार)

अथवा

वस्तु विनिमय की कठिनाईयों को मुद्रा कैसे हल कर सकती है। (कोई चार)

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 24 व 25 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित है। सभी में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं। उत्तर की अधिकतम शब्दसीमा 150 शब्द है।

प्रश्न 24 सांख्यिकी के कार्यों का वर्णन कीजिए कोई (पांच)

अथवा

प्राथमिक आकड़े एकत्र करने की प्रमुख विधियों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 25 माध्यिका की उपर्युक्त परिभाषा दीजिए एवं इनके दोष लिखिए।

अथवा

सहसंबध किसे कहते हैं ? इनकी विशेषताएं लिखिए (कोई चार)

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 26 से 27 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित है। प्रत्येक में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं। उत्तर की अधिकतम शब्दसीमा 250 शब्द है।

प्रश्न 26 शिक्षित बेरोजगारी क्या है ? भारत में शिक्षित बेरोजगारी को कम करने के लिए सुझाव दीजिए। (कोई पांच)

अथवा

भारत में आर्थिक नियोजन की उपलब्धियों को व्याख्या कीजिए।

प्रश्न 27 नीचे एक कारखाने में 20 कामगारों की साप्ताहिक मजदूरी के आकड़े दिये जा रहे हैं :–

| साप्ताहिक आय (रू में) | 100 | 140 | 170 | 200 | 250 |
|---|---|---|---|---|---|
| कामगारों की संख्या | 5 | 2 | 6 | 4 | 3 |

कामगारों की साप्ताहिक औसत आय की गणना कीजिए।

अथवा

निम्न आकड़ों का चतुर्थक विचलन ज्ञात कीजिए।

241, 521, 421, 250, 300, 365, 840, 958